राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

संजय कुमार सिंह, भा०प्र०से०
कार्यपालक निदेशक

आदेश संख्या: SHSB/GA/HR/7140/2021/...... पटना, **दिनांक:** .../09/2022

-: आदेश :-

विज्ञापन संख्या-11/2020 के तहत **STAFF NURSE** के संविदागत पद पर प्रतीक्षा सूची से चयनित कुल 366 अभ्यर्थियों को राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के आदेश ज्ञापांक-2913, 2914, 2915, 2916, 2917 एवं 2918 दिनांक 08.08.2022 द्वारा विभिन्न जिला स्वास्थ्य समितियों में पदस्थापित किया गया है। प्रकाशित विज्ञापन संख्या-11/2020 में निहित शर्तो के अनुसार BNRC निबंधन प्रमाण-पत्र के आधार पर अभ्यर्थियों का योगदान स्वीकार किये जाने का निदेश है। तदनुसार उक्त पदस्थापन आदेशों में BNRC निबंधन प्रमाण-पत्र के आधार पर अभ्यर्थियों को दिनांक 31 अगस्त, 2022 तक संबंधित जिलों में योगदान देने का निदेश दिया गया है।

2. चयनित अभ्यर्थियों में कई बिहार राज्य के बाहर के अभ्यर्थी हैं, जिनके द्वारा अपने-अपने परिचारिका निबंधन प्रमाण-पत्र के स्थानान्तरण हेतु BNRC, पटना में आवेदन समर्पित किये जाने की जानकारी दी गयी है।

3. अनौपचारिक सूचनानुसार बिहार परिचारिका निबंधन परिषद् (BNRC), पटना में परिचारिका निबंधन प्रमाण पत्र की स्थानान्तरण की प्रक्रिया 45 दिनों के अन्तर्गत पूरी होती है। अतः वर्णित स्थिति में विचारोपरान्त STAFF NURSE के पद पर प्रतीक्षा सूची से चयनित अभ्यर्थियों के योगदान की तिथि को **दिनांक 31 अक्टूबर, 2022** तक विस्तारित की जाती है।

उक्त पदस्थापन आदेशों की अन्य शर्ते यथावत रहेंगी।

ह०/-
(संजय कुमार सिंह)

ज्ञापांक : SHSB/GA/HR/7140/2021/ 3389 पटना, ***दिनांक:*** 02/09/2022

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार, पटना को कृपया सूचनार्थ।

प्रतिलिपि: सभी संबंधित प्रमण्डलीय आयुक्त/जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष, जिला स्वास्थ्य समिति/क्षेत्रीय अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार/सिविल सर्जन-सह-सदस्य सचिव, जिला स्वास्थ्य समिति को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: निबंधक, बिहार परिचारिका निबंधन परिषद् (BNRC), पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। कृपया संबंधित अभ्यर्थियों के नर्सिंग निबंधन प्रमाण-पत्र स्थानान्तरण की कार्रवाई यथाशीघ्र पूरी कर तदनुसार निबंधन प्रमाण-पत्र (BNRC) निर्गत किया जाय।

प्रतिलिपि: प्रतीक्षा सूची से नवपदस्थापित सभी Staff Nurses को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि: सिस्टम एनालिस्ट-सह-डाटा ऑफिसर, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार को समिति के वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Sanjay 2/9/22

कार्यपालक निदेशक